__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date-                              Class- V
Subject- Hindi Language                    Page- 1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - भाषा किरण
लिंग

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
यह पाठ लिंग कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। आज हम इस पाठ में लिंग बदलो पढ़ेंगे।
प्यारे बच्चो ! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़ो एवं समझो।

∴ मेरे दादा जी अखबार पढ़ रहे हैं और दादी जी टहल रही हैं।
∴ मेरा भाई खेल रहा है और बहन पढ़ रही है।
∴ हमारे घर पर चाचा जी और चाची जी आए हुए हैं।

बच्चो ! अब ऊपर दिए वाक्यों को ध्यान से देखो इनमें दादा जी, भाई और चाचा जी पुरुष जाति के हैं तथा दादी जी, बहन और चाची जी स्त्री जाति की हैं।

इस प्रकार :-
शब्द के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति का बोध हो उसे लिंग कहते हैं।
बच्चो ! लिंग दो प्रकार के होते हैं।

लिंग < पुल्लिंग
लिंग < स्त्रीलिंग

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date -                Class - V
Subject - Hindi Language          Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुल्लिंग :- बच्चो ! जो संज्ञा शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं, वे पुल्लिंग शब्द कहलाते हैं। जैसे :- पहाड़, पिता, चंद्रमा, पेड़, सोना, लुहार, धोबी आदि।

स्त्रीलिंग :- जो संज्ञा शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे स्त्रीलिंग कहलाते हैं। जैसे :- कोयल, माता, रोटी, मामी, चुहिया आदि।

बच्चो ! अब मैं आपको कुछ लिंग शब्द करवाऊँगी, जिन्हें आप ध्यानपूर्वक समझेंगे एवं अपनी उत्तर- पुस्तिका में लिखेंगे।

| | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1. | वर | वधू |
| 2. | अभिनेता | अभिनेत्री |
| 3. | श्रीमान | श्रीमती |
| 4. | शिष्य | शिष्या |
| 5. | बाघ | बाघिन |
| 6. | नायक | नायिका |
| 7. | वीर | वीरांगना |
| 8. | पंडित | पंडिताइन |

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date　　　　　　　　　　　Class- V

Subject- Hindi Language　　　　Page-3

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 9. | राजकुमार | राजकुमारी |
| 10. | सम्राट | सम्राज्ञी |
| 11. | चिड़ा | चिड़िया |
| 12. | कवि | कवयित्री |
| 13. | बालक | बालिका |
| 14. | आचार्य | आचार्या |
| 15 | हाथी | हथिनी |
| 16. | माली | मालिन |
| 17. | शेर | शेरनी |
| 18. | विद्वान | विदुषी |
| 19. | लेखक | लेखिका |
| 20 | बुद्धिमान | बुद्धिमती |

गृहकार्य :- बच्चो ! आप इन लिंग बदलो शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखें।

धन्यवाद।

Last page.

Scanned with CamScanner